स्पीड पोस्ट
एवं ई–मेल

**SPEED POST**

सत्यमेव जयते

# भारत सरकार
# Government of India
## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
## National Commission for Scheduled Tribes

(A Constitutional Body under Article 338A of the Constitution of India)

File No. CBS/2/2018/STGCG/DELAAL/RU-III                    दिनांकः 12–07–2019

**सिटिंग नोटिस**

विषयः आदिवासी राजगोंड स्वं. श्री दिलीप सिंह के करीब 9 एकड़ कृषि भूमि हड़प के संदर्भ में अनुविभगीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग के कार्यालय में भू– राजस्व संहिता की 1959 की धारा (170ख) में दर्ज प्रकरण क्रमांकः 01 अ/23 वर्ष 2015–2016 में शीघ्रतिशीघ्र कार्यवाही के संबंध में–श्री चंद्रभान सिंह, मठपारा वार्ड नं. 03, पार्षद नरेंद्र बंजारे के घर के पीछे गली में, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) का दिनांक 31–12–2017का अभ्यावेदन ।

संदर्भः आयोग के समसख्यंक नोटिस दिनांक 09.01.2018 एवं स्मरण पत्र दिनांक 26.03.2018/20.12.2018 का संदर्भ ग्रहण करें ।

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संवैधानिक अधिदेश और भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में उक्त उल्लिखित प्रकरणों में अन्वेषण करने का निर्णय लिया है।

2 सुश्री अनुसुईया उइके, माननीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस प्रकरण में अन्वेषण/जांच/की जाने वाली कार्रवाई के लिए नई दिल्ली स्थित आयोग में दिनांक 23.07.2019 को 03.00 बजे सिटिंग (बैठक) निर्धारित की है।

3. तदनुसार, आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त मामले से संबंधित संपूर्ण तथ्यों एवं सभी संगत मूल अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से माननीय उपाध्यक्ष के समक्ष परीक्षण के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

4. **कृपया ध्यान रखे कि यदि आप बैठक में उपस्थित नहीं होते हैं तो आयोग के समक्ष आपकी उपस्थिति को बाध्यकारी बनाने के लिए, आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क खंड (8) के अधीन प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र होगा।**

12/7/2019

(डा. ललित लट्टा)
निदेशक
दूरभाष–24615012

5461-62
15/7/19

सेवा में,

जिला – कलेक्टर,
जिला–दुर्ग
(छत्तीसगढ़)

जारी किया

प्रतिलिपि प्रषितः
श्री चंद्रभान सिंह,
मठपारा वार्ड नं. 03, पार्षद नरेंद्र बंजारे के घर के पीछे गली में,
दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग, (छत्तीसगढ)

6th Floor, 'B' Wing Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi -110003, website ://ncst.nic.in
Tel. : 011-24657271, 011-24620638 Fax : 011-24624628, 011-24604689, Toll Free 1800117777